तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर, 2025

11 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रोहतक के खिलाड़ी छाए


12 रोहतक को स्वच्छ बनाने में आगे आया जाट शिक्षण संस्थान


## शहर में आज

- श्री-सैनी शिक्षण संस्था में होने वाले सीएम कार्यक्रम को लेकर प्रेसवार्ता।
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- प्रशासनिक अधिकारी लघुसचिवालय में सुनेंगे आमजन की समस्याएं।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### पेड़ से टकराई कार, दो व्यक्ति घायल

**रोहतक।** रोहतक से जसिया की तरफ जा रही एक कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर सदर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उधम और शिवम कार में जसिया की तरफ जा रहे थे। इस दौरान कार पेड़ से टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए। सदर पुलिस ने बताया कि हादसे में दो व्यक्ति घायल हुए हैं। हादसा कार के पेड़ से टकराने से हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

### 12 को होगी परिवेदना समिति बैठक

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 12 सितम्बर को प्रदेश के विकास एवं पंचायत, खान एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का आयोजन स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में 12 सितम्बर को सुबह 11 बजे होगा। विकास एवं पंचायत मंत्री मासिक बैठक के एजेंडे में शामिल 19 शिकायतों की सुनवाई करके मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### मकान की छत गिरी बाल बाल बचा परिवार

**सांपला।** बरसात की वजह से जिले में कई जगह मकान गिर चुके हैं। जिसमें कई लोगों की जान तक जा चुकी है और लाखों रुपये का नुकसान भी परिवारों को उठाना पड़ा है। इसी कड़ी में गांव नयां बास में रात को एक मकान की छत गिर गई। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना के समय परिवार दूसरे कमरे में सो रहा था जबकि साथ लगते कमरे की छत गिरी है। जानकारी के अनुसार, विजय कुमार परिवार के साथ सो रहा था। साथ वाले कमरे की छत अचानक से तेज धमाके के साथ फर्श पर आ गिरी। आवाज सुनकर परिवार तेजी से बाहर निकला। इस दौरान उनकी जान बच गई। जबकि मकान को नुकसान हुआ है। पंचायत ने परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### 12 ने पास की यूजीसी-नेट/जेआरएफ परीक्षा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के जूलॉजी विभाग के 12 विद्यार्थियों ने यूजीसी-नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की है। जूलोजी विभाग की अध्यक्षा प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि जून 2025 में आयोजित यूजीसी नेट/जेआरएफ की परीक्षा में विभाग के विद्यार्थियों- लता चोपड़ा, पूजा सैनी, मुनीष, दिव्या, तन्नू, प्रतीक, अनुज व पूनम ने यूजीसी जेआरएफ तथा मेघा, निशु देवी, शोभा व रोहित ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग और विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए इन विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महम और सांपला के गांवों में भरा है बरसात का पानी, विपक्षी मचा रहे शोर

# जल निकासी के लिए लगातार पांच दिन गांव गांव जाएंगे अधिकारी, सरकार को भेजेंगे रिपोर्ट

### सीएम ने महम दौरे के दौरान दिए थे स्थिति पर नजर रखने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मौसम के ठीक होते ही जिले की कृषि भूमि से जल निकासी का कार्य तेज कर दिया गया है। निरंतर जल निकासी सुनिश्चित करने के लिए रोजाना के आधार पर सिंचाई विभाग के एसडीओ, संबंधित बीडीपीओ व नायब तहसीलदार की जिम्मेदारी निर्धारित कर दी है। ये सभी अधिकारी लगातार पांच दिनों तक अपने-अपने निर्धारित गांवों में जाकर जल निकासी सुनिश्चित करवाएंगे। रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। डीसी गुप्ता ने बैठक में सिंचाई विभाग के सभी एसडीओ, संबंधित बीडीपीओ व नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे 10 सितम्बर से रोजाना लगातार अलॉट किए गए गांवों में जाएंगे और मजबूत रणनीति के साथ जल निकासी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने जल निकासी के प्रबंधों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। हाल ही में महम के गांवों का निरीक्षण कर सीएम नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को जल भराव की स्थिति की रोजाना निगरानी और रिपोर्ट देने के आदेश जारी किए थे। इन हालात में महम और सांपला के गांवों में भारी जलभराव के बाद विपक्षी दल भी रोजाना आवाज उठा रहे हैं।

#### जनप्रतिनिधियों को करेंगे शामिल

जल्द से जल्द जल निकासी के लिए ये अधिकारी अपनी रणनीति में पंचायत के पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि कृषि भूमि से यथाशीघ्र जल निकासी का कार्य पूर्ण हो। उपायुक्त ने पहले ही उपमंडल स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर रखी है। इस कमेटी में संबंधित एसडीओ (सिंचाई) और संबंधित बीडीपीओ सदस्य है। यह समिति संयुक्त रूप से जल निकासी कार्यों की योजना, निगरानी एवं समीक्षा कर रही है। साथ ही नुकसान की पहचान की जा रह है।



### उपायुक्त ने 149 गांवों की सूची जारी की, लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जल निकासी के लिए 149 गांवों की सूची जारी की है। इनमें जल सेवाएं सब डिविजन भालौठ के 64 गांव हैं। इनमें बसन्तपुर, ब्राहमणवास, मकडौली कलां, मकडौली खुर्द, पाडा, नासिरपुर, रोहतक, सराय अहमद, भैयापुर, जसिया, धामड़, घिलौड कलां, काहनी 7.5/12.5, रूखी, मौई हुड्डा, रिवाडा, जिन्दराण, सिसरौली, चमारिया, रिठाल फौगाट, रिठाल नरवाल, किलोई खास, किलोई दोपाना, पौंलगी, लाढौत, रूडकी, मुंगाण, गिवाना, आवंली, जसराना, मिजामपुर माजरा, बिलबिलाना, गौरड़, बखेता, नौन्नद, खेडी साध, पहरावर, गिझी, जसौर खेडी, खेड़ी जसौर, लुहार हेडी, दहकोरा, हसनगढ़, पाकस्मा, आसन, भालौट, कंसाला, हमायुपूर, सिसाना, सिलाना, गढ़ी सिलाना, समचाना, मोरखेड़ी, भैसरू खुर्द, भैसरू कलां, खेडी सांपला, नया बांस, बलियाणा, बोहर, इस्माईला-11बी, अटायल, गांधरा, कसरैटी व दतौड शामिल हैं।



### एसडीएम ने सांपला की सफाई और जल निकासी का लिया जायजा

**सांपला।** बारिश से कस्बे के बिगड़े हालातों का जायजा लेने के लिए एसडीएम उत्सव आनंद सडक पर उतरे। उन्होंने वार्ड 8 ,मंडी वाले रोड नेशनल हाईवे के साथ लगते स्टेडियम, बस अड्डे के पास खरखोदा मार्ग सहित कई इलाकों का पानी की स्थिति और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।। लोगों ने बताया कि कस्बे में चारों तरफ पानी भरा हुआ है। बस स्टैंड के पास पानी निकासी के लिए लगाए गए रबड़ के पाइप का कुछ हिस्सा अज्ञात चोरी कर ले गए। एसडीएम ने थाना प्रभारी को ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ अनिल कुमार, बीजेपी मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

#### इन गांवों से भी निकाला जाना है पानी

मोखरा खास, मोखरा खेड़ी रोज, बहुअकबरपुर, बहु जमालपुर, घुसकानी, निदाणा, घरौठी, खरक चुडगला, चांदी, चिड़ी, भगवतीपुर, समरगोपालपुर, सिंहपुरा, टिटौली, सुन्दरपुर, खिड़वाली, मेहरडा, सांघी, रिढाना, धनाना, नांदल, कथूरा, कहल्पा, बनवासा, छपरा, भंडेरी, डोभ, गद्दी खेड़ी, भाली आनंदपुर, माडौदी रागडान, ताजा माजरा, कुताना, जलालपुर, आंवल, कलानौर, काहनौर, जिन्दराण कलां, मसूदपुर, तैमूरपुर, चिमनी, पिलाना, डराणा, सांगाहेड़ा, निगाना, बलम, गढ़ी बलम, माझा, कटेसरा, बनियानी, पटवापुर व लाहली गांवों से भी पानी निकाला जाना है। इसके साथ ही जल सेवाएं सब डिविजन मदीना के 36 गांवों की सूची जारी की गई हे। इनमें सैमाण, भैणी सुरजन, भैणी मातो, भैणी महाराजपुर, भैणी भैरो, भैणी चन्द्रपाल, महम, खेड़ी महम, सीसर खास, किशनगढ़, बहलबा, खरकड़ा, मदीना, गिरावड़, अजायब, खरैंटी, भराण, शेखपुर तितरी, निदाना, फरमाणा, बेड़वा, बैंसी, गूगाहेड़ी, खरक जाटान, लिजवाना, पोली, हथवाला, अकालगढ़, गढ़वाल, लाखनमाजरा, नांदल, दौरड़, किला जफरगढ़ व कमाच खेड़ा शामिल हैं।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आज करेंगे दौरा

**रोहतक।** जेजेपी के जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा ने बताया कि पिछले दिनों रोहतक जिले समेत पूरे प्रदेश में भारी बारिश एवं बाढ़ ने बहुत ज्यादा तबाही मचाई है। हल्कों के गांवों में भारी बारिश के कारण किसानो की काफी फ़सले , किसानों के ट्यूबवेल और मकान तबाह हुए हैं। घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों में पानी घुसने के कारण लाखों रुपये का क़ीमती सामान भी नष्ट हुआ है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बुधवार को बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का हल्का कलानौर एवं हल्का महम के गांवों का दौरा करेंगे। गांवों में हुए नुकसान का आंकलन करने के बाद उपायुक्त के माध्यम से सरकार सेनुकसान की भरपाई करने एवं उचित मुआवजा दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### चार लाख 37 हजार रुपये की ठगी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने 4 लाख 37 हजार रुपये की ठगी के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान हर्षित निवासी पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। गिरोह में शामिल रहे आरोपी पार्थ को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना आईएमटी पंकज कुमार ने बताया कि गांव आसन निवासी कमल की शिकायत पर जांच शुरू की गई। सामने आया कि 29 अगस्त 2024 को कमल के पास व्हाटसएप पर कॉल आई। जिसने कमल को बताया कि वह उसका भांजा है, जो अमेरिका से बात कर रहा है। कमल का भांजा भी अमेरिका में ही रह रहा है। आरोपी युवक ने दोस्त के एक्सीडेंट की बात कहकर कमल से कुल 4 लाख 37 हजार रुपये ठगे थे।

### यूआईईटी की चार छात्राएं ब्रॉड वर्ल्ड सिस्टम्स गुरुग्राम में चयनित

**रोहतक।** मदिव के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की चार छात्राएं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में ब्रांड वर्ल्ड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड में नेटवर्क इंजीनियर के पद पर चयनित हुई हैं। यूआईईटी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी अरुण हुड्डा ने बताया की बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग की छात्राओं- प्रिया कौर, वंदना भारद्वाज, प्रतिक्षा और वशु चौधरी का चयन गुरुग्राम स्थित ब्रॉडवर्ल्ड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड में नेटवर्क इंजीनियर के पद पर हुआ है। यह प्रतिष्ठित कंपनी नेटवर्किंग और क्लाउड स्टोरेज समाधान के क्षेत्र में अग्रणी मानी जाती है।

## अदालत ने पत्नी की मौत के मामले में पति को सुनाई दस साल कैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- पति और पत्नी शिक्षा विभाग में करते थे नौकरी
- पत्नी के गले में मिला था फंदा
- मायका पक्ष ने लगाया था दहेज हत्या का आरोप

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार दुग्गल की अदालत ने पत्नी की मौत के मामले में पति को दोषी करार दिया है। जिसे दस साल कैद की सजा सुनाई गई है। मामला जनता कॉलोनी का है, जहां चार साल पहले महिला की मौत हो गई थी। पति और पत्नी शिक्षा विभाग में बतौर शिक्षक तैनात थे। शिकायत पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने और हत्या करने के आरोप लगाए थे। शिकायत पक्ष की तरफ से एडवोकेट दलबीर सिंह ने केस की पैरवी की। 5 जून 2021 को शिवाजी कॉलोनी पुलिस को सूचना मिली कि शिल्पा पत्नी संदीप निवासी जनता कॉलोनी को पीजीआई लाया गया, जहां उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस मौके पर पहुंची और डॉ. संजय कुमार निवासी गांव बलकारा चरखी दादरी ने शिकायत दी। इसमें बताया कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। वह 6 भाई बहन हैं। सबसे छोटी बहन शिल्पा की शादी संदीप निवासी गांव भैरो खेड़ा जींद के साथ 7 मई 2019 को की गई थी।

इसके बाद संदीप अपनी पत्नी के साथ जनता कॉलोनी में अपनी बहनों के पास रहने लगा। इस दौरान परिवार उसकी बहन को दहेज की मांग के लिए परेशान करता रहा। इस दौरान उनके पिता रणधीर सिंह की जनवरी 2020 में मौत हो गई। इसके बाद उसकी बहन को परेशान करना जारी रखा।

#### बेटा होने पर रुपये दिए फिर कार मांगी

डॉ. संजय ने बताया कि उसकी बहन को बेटा हुआ तो उन्होंने एक बार 50 हजार और फिर दो लाख रुपये भी दिए। उनसे कार की मांग की गई थी, जिसे उन्होंने इनकार कर दिया। लेकिन आरोपी बाज नहीं आए। इस दौरान शिल्पा की मौत हो गई। उसके गले में फंदा लगा हुआ था। शिकायत पक्ष के अधिवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी संदीप पर भादस की धारा 498ए, 304बी 34 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। इस मामले में पुलिस ने धारा 406 भी दर्ज की थी। दोनों पक्षों पक्षों के गवाह सबूतों को देखते हुए अदालत ने संदीप को दोषी करार देते हुए दस साल कैद की सजा सुनाई है।

## कन्हेली रोड पर बढ़ रही चोरी की वारदातें, परेशान लोगों ने की पंचायत, पीसीआर राइडर तैनात करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कन्हेली रोड स्थित कॉलोनियों में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है जिसकी वजह से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने इन मामलों की जानकारी पुलिस को दी है। बढ़ती घटनाओं के विरोध में मंगलवार को लोगों ने पंचायत कर रणनीति तैयार की। जिसमें एसपी नरेंद्र बिजराणिया सहित अन्य अधिकारियों से मांग की गई कि इस एरिया में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और स्थाई तौर पर पीसीआर, राइडर तैनात की जाए। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो दोबारा पंचायत की जाएगी।

कन्हेली रोड स्थित सामुदायिक केंद्र में हुई इस पंचायत में अंबेड़कर कॉलोनी, ग्रीन पार्क कॉलोनी, राजीव नगर, एकता कॉलोनी के लोग शामिल हुए। इस पंचायत की अध्यक्षता रिटायर रेलवे अधिकारी राजेंद्र सिंह ने की। इस मौके पर पूर्व पार्षद सूरजमल किलोई भी पंचायत में पहुंचे। जहां लोगों ने उन्हें समस्या से अवगत करवाया। इसके बाद पूर्व पार्षद ने शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश कुमार से फोन पर बात की और उन्हें जानकारी दी कि पिछले 10 से 12 दिनों में हर रोज अंबेड़कर कॉलोनी, राजीव नगर, ग्रीन पार्क कॉलोनी, एकता कॉलोनी में चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। लोगों के मन में चोरों के प्रति डर बड़ा हुआ है। आए दिन किसी न किसी को अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। हाल ही में मोबाइल फोन और सामान चोरी कर लिया है।



रोहतक। सामुदायिक केंद्र में पंचायत करते हुए कॉलोनियों निवासी।

#### एसएचओ का आश्वासन, गश्त बढ़ाएंगे, खुद नजर रखेंगे

इस मामले में एसएचओ शिवाजी कॉलोनी ने कॉलोनी निवासियों को आश्वासन दिया है कि यहां पीसीआर और राइडर की गश्त बढ़ाई जाएगी। वे खुद एरिया में नजर रखेंगे। आमजन को भी सहयोग करना होगा। जल्द से जल्द आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

पंचायत में सतीश कुमार दहिया, खुशीराम, दिलबाग सिंह, एडवोकेट रिशिपाल, अभिजीत, बलवंत सिंह, रवि कुमार, इंद्रपाल, मोहन, सुशील संजीव, नितेश, राजू, श्रीभगवान ,सुनील, राहुल, जितेंद्र, सोनू, संतलाल, जगबीर, सत्यवान, नरेश, महिपाल, जयपाल, बिजेंदर, कुलदीप सिंह, संदीप, रामनिवास, रामफल, गुरुप्रसाद, सुमन मोर, लक्ष्मी, उषा,संतोष, जसवंती बाला, कैलाश, कमलेश, रीना पिंकी, ललित, बिमला आदि सैकड़ो लोग मौके पर मौजूद थे।

### सामान्य से 48 प्रतिशत अधिक बरसात, जिले में बाढ़ जैसे हैं हालात

# अब चलने लगी निरोगी पछुआ हवा, तापमान में गिरावट, मौसम की स्थिति तीन दिन में स्पष्ट होगी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

करीब एक महीने के बाद मंगलवार अल सुबह मौसम में बड़ा बदलाव हुआ। मंथर गति से पछुआ चलनी शुरू हुई। दिनभर 8 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही। अगले 48 घंटे तक भी ये हवा चलती है तो फिर ये उम्मीद की जा सकती है कि हाल-फिलहाल में बरसात नहीं होगी। अगर हवा का रुख बदलकर फिर से पूर्वा का होता है तो मौसम गड़बड़ा भी सकता है। हवा को निरोगी इसलिए कहा जाता है,जब ये चलती है तो तापमान में गिरावट आ जाती है। पश्चिम दिशा की ओर से आने वाली पछुआ हवा के चलने पर हर मौसम में ठंडक महसूस होती है। जब सर्दियों में ये चलती है तो तापमान तेजी से गिरने लगता है। ध्यान ये भी रहे कि प्रदेश से 20 सितंबर तक मानसून की वापसी की उम्मीद की जा रही है। उससे पहले कभी भी बरसात हो सकती है।

#### ऐसा रहा मौसम का मिजाज



मंगलवार को रोहतक शहर का अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा। जब मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा तो दिन के तापमान में आंशिक बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन अब न्यूनतम में वृद्धि होने के चांस काफी कम हैं, क्योंकि मध्य सितंबर आने वाला है। इस समय मौसम काफी सुहावना होता है। आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक सोमवार की बजाय मंगलवार को औसत अधिकतम तापमान में 0.1 सेंटीग्रेट की वृद्धि होकर 37.1 सेंटीग्रेट दर्ज किया गया। यह लगभग सामान्य है। न्यूनतम औसत तापमान में 0.2 सेंटीग्रेट की वृद्धि हुई तो पारा गुरुग्राम में पारा 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ये प्रदेश में सबसे कम था।

#### बीमारी स्वतः ही खत्म होती हैं

बारिश के बाद पछुआ चलती है तो इसका लाभ खेती में काफी होता है। फसलों में जो छोटी-छोटी बीमारियां होती हैं, वे स्वतः ही पछुवा हवा के चलने से खत्म हो जाती हैं। ध्यान रहे कि लगातार पूर्वा चलने से सब्जी वाली फसलों की बढ़वार रुकी हुई थी। जिसकी वजह से बेल वाली सब्जी के भावों में काफी तेजी थी। चूंकि पश्चिमी हवाएं वातावरण की नमी को भी कम करती हैं। ऐसे में पसीने वाली गर्मी से भी अब छुटकारा मिलने लगेगा।

#### किसानों के लिए 15 तक खुला रहेगा पोर्टल

अभी तक 626.6 एमएम बरसात इस समय तक हो चुकी है। जिसकी वजह से जलभराव से फसलों में काफी नुकसान हुआ है। हालांकि सरकार ने नुकसान भरपाई की प्रक्रिया के लिए सभी 147 गांव का पोर्टल खोल दिया है। किसान 15 सितंबर तक उनकी फसलों में हुए नुकसान का विवरण पोर्टल पर दर्ज करवा सकते हैं।

#### धीरे-धीरे पानी कम होगा

जलभराव का समाधान अब धीरे-धीरे होगा। सिंचाई विभाग ने खेतों के पानी की निकासी के लिए जो पंपसेट लगाए हैं, वे फिलहाल बंद हैं। किसानों और सिंचाई विभाग के बीच पानी निकासी को लेकर तनातनी है। किसान जबरदस्ती पंपसेट चलाकर अपने खेतों के पानी को नहरों/ड्रेन वगैरह में डाल रहे हैं। लेकिन यहां दिक्कत ये खड़ी हो गई है नहरों-ड्रेनों में डाला जा रहा पानी आगे पहुंचकर फसलों को ही डूबो रहा है। और इसी वजह से ही सिंचाई विभाग ने अपने पंपसेट कुछ दिन के लिए बंद करवाए हुए हैं। बताया जा रहा है कि सिंचाई विभाग के रोहतक सर्कल के तहत जितनी भी ड्रेन हैं, उनमें अभी भी पानी ओवरफ्लो ही बह रहा है।

## एडीसी ने सामान्य अस्पताल के अपग्रेडेशन कार्य का निरीक्षण किया



रोहतक। अस्पताल परिसर का निरीक्षण करते अतिरिक्त उपायुक्त नरेन्द्र कुमार।


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेन्द्र कुमार ने आज स्थानीय नागरिक अस्पताल के अपग्रेडेशन के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि विभाग के अधिकारियों द्वारा अस्पताल परिसर में साफ सफाई के अलावा अपग्रेडेशन कार्यों को समय पर पूरा करें। मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशानुसार अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला अस्पतालों का सौदर्यकरण और नवीनीकरण किया जा रहा है। नरेंद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि नागरिक अस्पतालों में आने वाले मरीजों को निजी अस्पतालों जैसी आधुनिक सुविधाएं दी जाए। सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए गए बजट के अनुसार विशेष मुरम्मत कार्यों पर 4 करोड़ 57 लाख रुपए, आईसीयू की मरम्मत के लिए 55 लाख रूपए की राशि खर्च व फायर फाइटिंग के लिए 2 करोड़ 15 लाख रूपए, फॉल्टी वीसीबी को बदलने के लिए 20 लाख 48 हजार रुपए से अधिक की राशि दी गई है।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।

## लाइफ Style

# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल


**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल :*** अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज़ हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*







***ऋतिक रोशन*** *: इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** *: बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** *: शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** *: टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** *: बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*

***रणवीर सिंह*** *: रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** *: शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** *: रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** *: फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** *: बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

# राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में रोहतक के खिलाड़ी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

फरीदाबाद स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी-5 में आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूल आर्चरी प्रतियोगिता में रोहतक जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। आर्चरी के ओवरऑल इंचार्ज डॉ. जनक राज ने बताया कि अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 सभी आयु वर्गों में लड़कों और लड़कियों ने इंडियन राउंड में शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए।

रोहतक के आदित्य मलिक, मन्नत और वारुणी का चयन स्कूल नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो नवंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगी। ये खिलाड़ी हरियाणा प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इसके अलावा, अंडर-17 आयु वर्ग (लड़के) में रोहतक की बैडमिंटन टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि से जिले का मान बढ़ा है और खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ।

आगामी मुकाबले:

कल विभिन्न खेलों में कई अहम मुकाबले होंगे। कुश्ती में अंडर-19 वर्ग के फाइनल मुकाबले, आर्चरी में कंपाउंड इवेंट (अंडर-14 लड़के व लड़कियां), दादरी में बॉक्सिंग और चेस के फाइनल राउंड तथा पानीपत में चल रही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले आयोजित होंगे। इन प्रतियोगिताओं को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। यह जानकारी मीडिया कन्वीनर डॉ. जनक राज ने दी।

इन प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा पानीपत, फरीदाबाद, चरखी दादरी, फतेहाबाद सहित विभिन्न जिलों में किया जा रहा है। जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने बताया कि रोहतक जिले के खिलाड़ी सभी खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार आगे बढ़ रहे हैं और बेहतरीन उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, उन्होंने विजेता खिलाड़ियों की मेहनत व लगन की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने भी सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और आगामी राष्ट्रीय स्तर की स्कूली प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की, उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों के पीछे प्रशिक्षकों का कड़ा परिश्रम और सही मार्गदर्शन है, जो भविष्य में भी जिले के खिलाड़ियों को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएगा।



रोहतक। विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी और मेडल के साथ। फोटो : हरिभूमि

### बॉक्सिंग व चेस प्रतियोगिता

दादरी में चल रही अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की बॉक्सिंग एवं चेस प्रतियोगिता में रोहतक जिले के खिलाड़ी अपने-अपने फाइनल राउंड में पहुंच चुके हैं। फाइनल मुकाबले कल खेले जाएंगे।

**टेबल टेनिस एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिता:** फतेहाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रोहतक की टीम ने अंडर-19 आयु वर्ग (लड़के व लड़कियां) में राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**वहीं ताइक्वांडो प्रतियोगिता में:** अंडर-14 (41 किग्रा) : रितेश – सिल्वर मेडल
अंडर-19 (45 किग्रा) : रोहन – गोल्ड मेडल

इन खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा से रोहतक का मान बढ़ाया, कई खिलाड़ी कल भी फाइनल मुकाबलों में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाएं।

### कुश्ती प्रतियोगिता: लड़कों में

| | |
|---|---|
| 92 किग्रा भार वर्ग : हर्षित देशवाल | ब्रॉन्ज मेडल |
| 80 किग्रा भार वर्ग : संकेत | गोल्ड मेडल |
| 71 किग्रा भार वर्ग : दीपेंद्र | गोल्ड मेडल |
| 110 किग्रा भार वर्ग : आशीष | सिल्वर मेडल |
| 55 किग्रा भार वर्ग : साहिल | सिल्वर मेडल |
| 48 किग्रा भार वर्ग : वंश | सिल्वर मेडल |
| 51 किग्रा भार वर्ग : हैप्पी | ब्रॉन्ज मेडल |

### खास बातें

- खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी

## खबर संक्षेप



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी रोटेरियन राजेश जैन।

### शिक्षासांघी में बच्चों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा

**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर को पिछले दिनों एक साल पूरा हो गया। ऐसे में सेंटर की तरफ से गरीब लोगों की सेवा की एक और पहल शुरू की गई है। जिसके तहत गांव के रहने वाले गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। जिसकी शुरुआत इस शिक्षक दिवस के अवसर पर की गई। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि संस्था का मकसद हमेशा से गरीब लोगों को मदद करना रहा है। जिसमें संस्था निशुल्क फिजियोथेरेपी सेंटर, निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप, रक्तदान शिविर और जल सेवा और कई अन्य सेवाओं में अपना योगदान पहले से देती आ रही है।



रोहतक। आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते सीसीपीसी कोऑर्डिनेटर डॉ. अनुसूया यादव ।

### एमडीयू में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के विधि विभाग में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) के सहयोग से आज तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स वर्कशॉप का शुभारम्भ हुआ। विद्यार्थियों को जीवन एवं पेशेवर सफलता के लिए आवश्यक संवाद-कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता से सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यशाला 11 सितम्बर को संपन्न होगी। प्राध्यापक डॉ. जसवंत सैनी ने उद्घाटन सत्र में स्वागत भाषण देते से कार्यक्रम की जानकारी दी।

## एमडीयू में तिरंगा यात्रा 2025 का समापन समारोह

# समारोह में111 बेटियों ने दिखाई राष्ट्रभक्ति की अनोखी मिसाल, किया सम्मानित

- बेटियों ने अपने साहस और देशभक्ति का दिया परिचय
- समारोह एफडीसी सभागार में आयोजित किया

तिरंगा यात्रा 2025 का भव्य समापन समारोह एफडीसी सभागार में आयोजित किया गया, यह यात्रा एमडीयू के स्वराज सदन प्रांगण से प्रारम्भ होकर हरियाणा से कश्मीर तक राष्ट्रभक्ति का संदेश फैलाने में ऐतिहासिक साबित हुई, प्रदेश की बेटियों ने बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में मंगलवार को तिरंगा यात्रा 2025 का भव्य समापन समारोह एफडीसी सभागार में आयोजित किया गया। यह यात्रा एमडीयू के स्वराज सदन प्रांगण से प्रारम्भ होकर हरियाणा से कश्मीर तक राष्ट्रभक्ति का संदेश फैलाने में ऐतिहासिक साबित हुई। इस विशेष यात्रा में प्रदेश की 111 बेटियों ने सहभागिता कर गौरव बढ़ाया। छात्र कल्याण विभाग और मीडिया स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा 2025 समापन समारोह में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि रहे, जबकि कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत की बतौर विशिष्ट अतिथि गरिमामयी उपस्थिति समारोह में रही। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस यात्रा को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि हरियाणा की बहादुर बेटियों ने अपने साहस और देशभक्ति से प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने यह संदेश दिया है कि जब युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियां, देशभक्ति के संकल्प के साथ आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र की एकता और अखंडता और भी मजबूत होती है।



रोहतक। तिरंगा यात्रा 2025 की स्मारिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ,कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत,एनसीसी अधिकारी कर्नल सुखबिन्दर सिंह ,तिरंगा यात्रा के संयोजक नरेंद्र कुमार व डीन,स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग। फोटो : हरिभूमि

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राएं सम्मानित

समारोह में तिरंगा यात्रा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभागी छात्राओं को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह तथा कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने सम्मानित किया। इस दौरान तिरंगा यात्रा 2025 की स्मारिका का विमोचन भी मुख्यातिथि समेत विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना का गौरव बढ़ाते हुए एनसीसी अधिकारी कर्नल सुखबिन्दर सिंह तथा सूबेदार बिजेन्द्र को भी कुलपति ने सम्मानित किया।

### संयोजक ने ब्यौरा किया प्रस्तुत

*तिरंगा यात्रा के संयोजक नरेंद्र कुमार ने यात्रा का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। तिरंगा यात्रा में शामिल प्रतिभागी छात्राओं शशि यादव और दिव्या ने इस यात्रा से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए इसे अद्भुत बताया। डॉ. रवि प्रभात ने मंच संचालन किया। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने कार्यक्रम का संयोजन किया। डिप्टी डीएसडब्ल्यू प्रो. सोनू ने संयोजन सहयोग दिया। निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।*

### ऑर्गेनाइजेशन का धन्यवाद किया

*कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का पावन प्रांगण इस यात्रा की शुरुआत का गवाह बना है। यह हमारे विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय भूमिका और सामाजिक दायित्व को दर्शाता है। उन्होंने यात्रा की शुरुआत के लिए एमडीयू प्रांगण को चुने जाने पर मीडिया स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन का धन्यवाद किया।इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीन, सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, डिप्टी डीएसडब्ल्यू प्रो. सोनू, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी, चीफ कंसल्टेंट सिक्योरिटी रि.ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, एनसीसी अधिकारी कर्नल सुखबिन्दर सिंह, निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी, सूबेदार बिजेन्द्र, पीआरओ पंकज नैन आदि रहे।*



रोहतक। भारत माता की जय और वंदे मातरम की प्रभातफेरी में मौजूद लोग।

### मानव उत्थान सेवा समिति ने प्रभात फेरी निकाली

**रोहतक।** सदगुरुदेव श्री गुरु महाराज के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मानव उत्थान सेवा समिति- जिला झज्जर श्री हंस योग आश्रम के द्वारा, प्रभारी महात्मासुदेवी बाई की अध्यक्षता में मंडल स्तर पर एकदिवसीय संत सम्मलेन व प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में रोहतक से महात्मा रोशनी बाईव वर्षा बाई झज्जर की बहादुरगढ़ शाखा से महात्मा अनुग्रह बाई जिला झज्जर से सुदेवी बाई का फूलमाला से स्वागत किया गया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में झज्जर के चेयंरमैन जिले सिंह सैन, बेरी नगर पालिका के चेयरमैन देवेंद्र, हरियाणा के प्रांतपाल मेहर सिंह व प्रांत संयोजक धर्मपाल रोहतक मंडल के मंडल प्रमुख अशोक, उप मंडल प्रमुख डॉक्टर वीरेंद्र ,, मंडल संयोजक सुरेंद्र, मंडल प्रशिक्षक दीपक, रोहतक झज्जर के जिला प्रमुख हरि ओम मौजूद रहे।



रोहतक। सैनी संस्थाओं के पदाधिकारी के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यमंत्री के 14 सितम्बर के दौरे का लिया जायजा

**रोहतक.।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 14 सितंबर के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। डीसी मंगलवार शाम को तैयारियों का जायजा लेने के लिए कार्यक्रम स्थल सैनी कॉलेज के ग्राउंड पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर ही सैनी शिक्षण संस्थाओं के पदाधिकारी से तैयारियों के बारे में रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग, प्रवेश व निकास तथा मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन से लेकर कार्यक्रम स्थल तक के रूट का भी निरीक्षण किया। सुरक्षा प्रबंधों के बारे में भी आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने नगर के स्वच्छता पर भी विशेष फोकस किया और दिशा निंर्देश जारी किए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मंजीत कुमार, सैनी एजुंकेशन सोसायटी के सचिव जगदीश सैनी आदि मौजूद रहे।

# विजय तायल बने रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर के प्रधान, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

रोहतक। रोटरी क्लब आफ रोहतक सफायर ने दिल्ली रोड स्थित एक निजी होटल में अपना पांचवां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी रोटेरियन राजेश जैन रहे। इस अवसर पर क्लब के प्रधान के रूप में रोटेरियन विजय तायल ने पदभार संभाला। समारोह का शुभारंभ भगवान गणेश की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि डॉ. राजेश राजपूत ने शुगर की बीमारी, उसके बचाव और समय-समय पर टेस्ट करवाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. विजय कोहली ने हृदय रोग,



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी रोटेरियन राजेश जैन। फोटो : हरिभूमि



### एमडीयू में पोषण एवं वेलनेस पर कार्यशाला

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के पब्लिक हेल्थ साइंसेज विभाग और सेंटर ऑफ मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में पोषण एवं वेलनेस विषय पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन एनटेक वेलनेस की विशेषज्ञ डॉ. निकिता गर्ग ने किया। इस आयोजन का संयोजन पब्लिक हेल्थ साइंसेज विभाग के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग द्वारा किया गया और इसे मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी विभाग में आयोजित किया गया। स्वागत भाषण सेंटर ऑफ मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. हरि मोहन ने दिया। आयोजन सहयोग सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आनंद सिंह डांगी और शोधार्थी सोनिया तंवर ने दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. निकिता गर्ग ने संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और युवा वर्ग के लिए व्यावहारिक पोषण संबंधी सुझावों पर जोर दिया।

### आईओटी, एंबेडेड सिस्टम व रोबोटिक्स पर वर्कशॉप

**रोहतक।** वैश्य तकनीकी संस्थान में आईओटी, एंबेडेड सिस्टम और रोबोटिक्स विषयों पर एक ऑनलाइन वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया।इस विशेष कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के द्वितीय व अंतिम वर्ष के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह वर्कशॉप साइबर मोशन प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) की ओर से संचालित की गई। संस्थान के टीपीओ राजन सरीन इसके संयोजक रहे।

### सूचना

मैं, महाबीर पुत्र श्री मामन निवासी गांव भालौठ (59), रोहतक हरियाणा-124401 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सचिन मेरे व मेरी पत्नी के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# एमडीयू में 17 से आयाजित होगी राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में खेलों का बड़ा आयोजन होने जा रहा है। एमडीयू के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल को सीबीएसई की राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। यह खेल प्रतियोगिता आगामी 17 सितम्बर से प्रारंभ होगी, जिसमें देशभर के लगभग 750 खिलाड़ी 60 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आज एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कुलपति ने अधिकारियों, आयोजन समिति तथा विश्वविद्यालय के खेल विभाग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

# एनसीसी चयन प्रक्रिया में 60 छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

छोटूराम पालिटेक्निक कालेज में मंगलवार को फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन की ओर से प्रथम वर्ष के लिए भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस चयन प्रक्रिया का नेतृत्व बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुखविंदर सिंह और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन चौधरी ने किया। एनसीसी भर्ती प्रक्रिया को सफल बनाने में नायब सुबेदार विकास मलिक, हवलदार गोपीचंद और हवलदार प्रशांत का विशेष योगदान रहा। एसडी विंग के तहत आयोजित ट्रायल में कुल 60 छात्रों ने भाग लिया। चयन के दौरान छात्रों की शारीरिक क्षमता, मानसिक योग्यता और लिखित परीक्षा के आधार पर जांच की गई।



# 12 चिकित्सा अधिकारियों को कीमोथेरेपी का मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

सोनीपत, सिरसा, फतेहाबाद, रोहतक, जींद, हिसार, भिवानी जिलों के 12 चिकित्सा अधिकारियों को प्रत्येक जिला अस्पताल में डे केयर कैंसर सेंटर शुरू करने के लिए कैंसर और कीमोथेरेपी के क्षेत्र में 2 महीने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के लिए डॉ सुधीर अत्री नोडल को नियुक्त किया गया। प्रशिक्षण कैंसर विभाग में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सभी कैंसर विशेषज्ञों ने विस्तृत कैंसर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के बाद चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया, जैसा कि डॉ. अशोक वरिष्ठ प्रोफेसर और चौहान प्रोफेसर और वरिष्ठ प्रोफेसर अशोक ने किया था। विभागाध्यक्ष रेडिएशन ऑन्कोलॉजी पीटी. बी. डी. शर्मा के साथ चर्चा की गई थी, जिन्होंने रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग पीजीआईएमएस से डॉ. अभिषेक सोनी को नियुक्त किया था। आज इस प्रशिक्षण का अंतिम दिन था और पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस के सिंघल, डॉ. अशोक चौहान और सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य द्वारा भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गए।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रेड्शन ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. राकेश, डॉ राजीव राजीव , डॉ. अभिषेक, डॉ. अभिषेक, डॉ. अग्रिमा मित्त, डॉ जीत, बल एनएन पी पटेल, डॉ. एन. बालासुब्रमण्यम, डॉ. सुंदर वोर्टी ने प्रशिक्षु डॉक्टरों से कहा कि उन्हें कैंसर रोगियों को केवल उपचार ही नहीं देना चाहिए, बल्कि कैंसर की जांच में सक्रिय भागीदारी करके कैंसर की रोकथाम में भी सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें
Course | Duration | Eligibility
GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream
UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

## खबर संक्षेप



### राजकीय महाविद्यालय जसिया में लगा कैंप

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय जसिया में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय कैंप तथा ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व एनएसएस प्रभारी व समिति सदस्य डॉ. जोगिंदर सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एनएसएस के कार्यक्षेत्र, महत्त्व तथा सामाजिक एवं व्यवसायिक जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। प्रोफेसर डॉ राजकुमार सिवाच के द्वारा तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के प्रतिनिषेध पर व्याख्यान भी दिया गया।



### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत की बैठक

**रोहतक।** सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य के दिशा-निर्देशानुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कमला वर्मा की अध्यक्षता में आशा वर्कर्स की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा द्वारा 1 से 26 सितंबर तक चलाए जा रहे महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने और बेटियों के जीने के अधिकार सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता अभियान के तहत आयोजित की गई।

### 83 युवाओं ने किया रक्तदान

**रोहतक।** थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों को रक्त उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मंगलवार को जिला रेड क्रॉस समिति द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण लेने वाले 100 युवाओं ने पंजीकरण करवाया तथा 83 युवाओं ने मानवता की भलाई के लिए पुनीत कार्य में आहूति डालते हुए रक्तदान किया।

# एमडीएन पब्लिक स्कूल में जीवन-कौशल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**रोहतक।** एमडीएन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सी.बी.एस.ई. प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत " जीवन-कौशल-मूलभूत " विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को जीवन-कौशलों में दक्ष बनाना और उनके व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यशाला में साठ शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का शुभारम्भ प्रधानाचार्या मीनू टहल्यानी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षाविदों तनु हांडा एवं ज्योति हुड्डा ने अपनी विद्वत्ता एवं अनुभव से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने जीवन-कौशल के महत्त्व को रेखांकित करते हुए आत्म-प्रबंधन, संवाद-कौशल, निर्णय-क्षमता, समय प्रबंधन, टीम वर्क तथा सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे पक्षों पर प्रेरक चर्चा की। इस कार्यशाला को रोचक और प्रभावशाली बनाने हेतु समूह-गतिविधियां, प्रश्नोत्तर सत्र, रोल

# रोहतक को स्वच्छ बनाने में आगे आया जाट शिक्षण संस्था

- संस्था की ओर से 10 कर्मचारी और दो ट्रैक्टर-ट्राली सफाई कार्य के लिए लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम रोहतक को स्वच्छ बनाने के प्रयास में अब शिक्षण संस्थाएं भी आगे आने लगी हैं। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 को सफल बनाने के लिए जाट शिक्षण संस्था ने नगर निगम को सहयोग देने का निर्णय लिया है। संस्था की ओर से 10 कर्मचारी और दो ट्रैक्टर-ट्राली सफाई कार्य के लिए लगाए गए हैं, जो शिक्षण संस्थानों के आसपास के क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर सफाई सुनिश्चित करेंगे। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षण संस्थानों के साथ पूर्व में बैठक कर यह अपील की गई थी कि वे अपने परिसर के साथ-साथ आसपास की सफाई व्यवस्था भी संभालें और विद्यार्थियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सफाई केवल नगर निगम का कार्य नहीं, बल्कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है। जनभागीदारी से ही रोहतक को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सकता है। विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ने बताया कि सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है। उन्होंने जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब दिमाना और कॉलेज प्रशासन का धन्यवाद किया। जिन्होंने सक्रिय सहयोग देते हुए सफाई कर्मी और ट्रैक्टर-ट्राली उपलब्ध कराई। इस अवसर पर जाट कॉलेज से निकली स्वच्छता रैली ने आमजन को जागरूक किया और संदेश दिया कि हर नागरिक स्वच्छता में अपना योगदान दे।




**रोहतक।** स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब दिमाना व विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ।

## पुल को पेंटिंग से सजाया गया, अधिकारियों ने किया दौरा

# दिल्ली बाईपास फ्लाईओवर उद्घाटन को तैयार बाबा मस्तनाथ मठ रोड पर गड्ढे भरने का कार्य शुरू

*पहले बने फ्लाईओवर की दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग से नया रूप दिया गया है, अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सारी तैयारियां पूरी हो जाएंगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लंबे इंतजार के बाद दिल्ली बाईपास पर बन रहा टू लेन फ्लाईओवर अब पूरी तरह उद्घाटन के करीब है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 सितंबर को इसका लोकार्पण करेंगे। इसी दिन वे विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सड़क बिछाने और रंग-रोगन का काम लगभग पूरा हो गया है। साथ ही प्रशासन उद्घाटन को लेकर विशेष तैयारियां कर रहा है। बाबा मस्तनाथ मठ के सामने सड़क पर बने गड्ढों को भरने का काम तेजी से चल रहा है। पहले बने फ्लाईओवर की दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग से नया रूप दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सारी तैयारियां पूरी हो जाएंगी। शहरवासियों को इस पुल के शुरू होने से जाम और खराब सड़कों की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

### 15.83 करोड़ की लागत से बना फ्लाईओवर

दिल्ली बाईपास पर जवाहरलाल नेहरू नहर (जेएलएन) और भालौठ सब ब्रांच के ऊपर से टू लेन फ्लाईओवर का निर्माण 15.83 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह पुल दिल्ली रोड पर रोजाना सफर करने वाले एक लाख से अधिक लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। अभी तक नहर के पास सड़क टूटने की समस्या बनी रहती थी। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। अब फ्लाईओवर से निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी।





**रोहतक।** पुल बनकर हुआ तैयार, दीवारों पर कराया पेंट तथा पुल की दोनों दीवारों पर की गई सुंदर पेंटिंग।

### सड़कों की मरम्मत भी हुई तेज

मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने शहर की सड़कों की मरम्मत भी तेज कर दी है। विशेष रूप से बाबा मस्तनाथ मठ के सामने वाली सड़क पर बने गड्ढों को भरने का काम किया जा रहा है। इस मार्ग से मुख्यमंत्री का काफिला भी गुजरना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सुधार कार्य पुल उद्घाटन के साथ-साथ आसपास की सड़कों को भी बेहतर बनाएगा।

### पहले बने फ्लाईओवर को सजाया गया

शहर में पहले बने फ्लाईओवर की दीवारों को आकर्षक और रंग-बिरंगी पेंटिंग से सजाया गया है। ये पेंटिंग न केवल पुल को सुंदर रूप दे रही हैं, बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में भी अहम कदम हैं। प्रशासन का कहना है कि नए फ्लाईओवर के उद्घाटन के अवसर पर शहर का प्रवेश द्वार एक नए रूप में नजर आएगा।

### अगस्त 2024 तक होना था पूरा, अब हो रहा उद्घाटन

यह परियोजना मूल रूप से अगस्त 2024 तक पूरी होनी थी। लेकिन ठेकेदार से जुड़ी समस्याओं और निर्माण कार्य में आई अड़चनों के कारण यह तय समय पर पूरी नहीं हो सकी। अब लगभग सभी काम समाप्त हो चुके हैं और अंतिम सौंदर्यीकरण जारी है। उद्घाटन से पहले दीवारों पर रंग-रोगन और सड़क की लेयरिंग पूरी कर ली जाएगी।

### यात्रियों को बड़ी राहत

दिल्ली बाईपास शहर का सबसे व्यस्त मार्ग माना जाता है। यहां से रोजाना हजारों भारी वाहन और लाखों स्थानीय यात्री गुजरते हैं। अब फ्लाईओवर खुलने से जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। मानसून में टूटने वाली सड़क की दिक्कत भी समाप्त हो जाएगी। स्थानीय व्यापारियों और उद्योगों से जुड़े वाहनों को भी इससे सीधा लाभ होगा।

### विश्वकर्मा जयंती पर होगा उद्घाटन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 सितंबर को रोहतक पहुंचेंगे। इस दिन विश्वकर्मा जयंती का विशेष आयोजन भी है। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। जिला प्रशासन ने समारोह को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। उद्घाटन अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहने की संभावना है।

### शहर को मिलेगा नया ट्रैफिक समाधान

विशेषज्ञों का मानना है कि दिल्ली रोड पर लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक की समस्या इस फ्लाईओवर से काफी हद तक कम हो जाएगी। जेएलएन नहर और भालौठ सब ब्रांच के ऊपर बने इस पुल से वाहनों की आवाजाही सुगम होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी घटेगी। शहरवासियों का कहना है कि यह फ्लाईओवर रोहतक की विकास यात्रा में एक नया पड़ाव साबित होगा।



# मॉडल टाउन जैन मंदिर में भक्तांबर पाठ और दस लक्षण महापर्व

## पालकी यात्रा निकली गाजे-बाजे के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री1008 भगवान आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मॉडल टाउन में भक्तांबर पर्व व दस लक्षण महापर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से मनाया गया। यह पर्व आचार्या गणी श्री105 सरस्वती माता के सानिध्य में चल रहे चातुर्मास के दौरान संपन्न हुआ। चार माह का यह चातुर्मास मंदिर परिसर में भक्तों के लिए धार्मिक अनुष्ठानों और प्रवचनों का विशेष अवसर बना हुआ है। महामंत्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह नमोकार मंत्र के साथ हुआ। सर्वप्रथम 48 दिवसीय भक्तांबर पाठ का समापन हुआ, जिसके बाद दस लक्षण महापर्व की पूजा-अर्चना और सामूहिक क्षमावणी महापर्व का आयोजन किया गया। समाजसेवी व उद्योगपति विजय जैन ने पहली शांतिधारा कर श्रीजी का अभिषेक संपन्न किया। इस अवसर पर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन अपने परिवार सहित मौजूद रहे। प्रधान विपिन जैन ने बताया कि गाजे-बाजे के साथ एक भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। पालकी में भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को विजय जैन ने विराजमान कराया। यात्रा मॉडल टाउन मंदिर से प्रारंभ होकर चार खंबा रोड, पावर हाउस और कम्युनिटी सेंटर से होते हुए पुन मंदिर में पहुंची। वहां 108 कलशों से भगवान का अभिषेक किया गया।

### मस्तनाथ स्कूल के छात्रों की राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि




रोहतक। श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के दो होनहार छात्रों दीपांशु (कक्षा 12) और अंश(कक्षा 5)ने सीबीएसई ताइक्वांडो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 3 से 7 सितम्बर तक इटावा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के विद्यालयों से प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हुए। हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर न केवल पदक हासिल किया, बल्कि सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### छात्रों को होटल प्रबंधन में करियर विकल्प बताए

**रोहतक।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय घुसकानी के 120 छात्रों के दल ने मंगलवार को तिलियार स्थित होटल प्रबंधन संस्थान का शैक्षणिक दौरा किया और संस्थान के कार्य प्रणाली एवं पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को होटल प्रबंधन के बारे में अवगत कराना रहा। वरिष्ठ व्याख्याता डॉ पंकज सिंह तथा मीनाक्षी ने छात्रों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि कैसे होटल प्रबंधन कोर्स इसमें सहायक है। संस्थान के प्रिंसिपल शंभूनाथ गौतम ने संस्थान में उपलब्ध कोर्स करने के बाद मौजूद करियर के विकल्पों की विस्तृत जानकारी छात्रों को दी। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र शेखावत ने इस शैक्षणिक दौरे के लिए संस्थान के प्रिंसिपल व स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# जूडो में आर्यन स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**रोहतक।** 4 सितंबर से 7 सितंबर 2025 के बीच इंडियन मॉडर्न स्कूल, सोनीपत में हुई सीबीएसई नॉर्थ जोन-II जूडो प्रतियोगिता में द आर्यन पब्लिक स्कूल लाखन माजरा से पांचवी कक्षा के छात्र दिवम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यू-11 (40 किग्रा) वर्ग में राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया। अपने खेल के दौरान दिवम ने जूडों की अहम तकनीकों जैसे ग्रिप, बैलेंस, डिफेंस और काउंटर मूव्स में गहरी समझ दिखाई। विद्यालय में उनके कोच वीरेंद्र मान ने बताया कि पढ़ाई पूरी करके स्कूल के समय के बाद दिवम अपने साथियों के साथ घंटों अभ्यास करता रहा, जिससे उसकी शक्ति और कौशल में निरंतर निखार आता गया। अंततः खेल के दौरान यही से पैदा हुआ आत्मविश्वास और अनुशासन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत बना। विद्यालय की प्राचार्या निशा मोंगा ने इसे विद्यालय व जिले के लिए गर्व का विषय बताया। संचालक समिति अध्यक्ष तेजेन्द्र आर्य और प्रबंधक अनीता सिंह ने दिवाक्षम को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

### इन्द्र सिंह ढुल को इनेलो ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया

**रोहतक।** इनेलो ने इंद्र सिंह ढुल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इन्द्र सिंह ढुल ने अपनी नियुक्त पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इनेलो अभय सिंह चौटाला, रामपाल माजरा प्रदेश अध्यक्ष, प्रकाश भारती राष्ट्रीय सीनियर उपाध्यक्ष एवं आदित्य चौटाला प्रदेश प्रधान महासचिव का आभार प्रकट किया। इन्द्र सिंह ढुल पहले पार्टी के प्रदेश संगठनसचिव प्रदेश उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। कैप्टन इन्द्र सिंह पूर्व सांसद, रणबीर हुड्डा , नफे सिंह लाहली, बलवंत मायना पूर्व विधायक, जयसिंह शिमली, वेद भराण, सतीश नान्दल, कृष्ण कौशिक, डी के हुड्डा, राकेश सहगल, राजेश कटवाड़ा, रामचन्द्र भालौट, मास्टर मुख्यतयार सिंह, रामकिशन मलिक, ईश्वर सिंह मलिक आदि ने इन्द्र सिंह की पदोन्नति पर खुशी जाहिर की।

# द आर्यन ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

- सामान्य मुद्दों, जैसे चिंता, भावनात्मक कठिनाइयों, सामाजिक चिंता और अति सक्रियता पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



झज्जर - रोहतक मार्ग पर स्थित द आर्यन ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय "छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना" था। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन मोनिका तथा अनु चावला रहे। उन्होंने छात्रों द्वारा सामना किए जाने वाले सामान्य मुद्दों, जैसे चिंता, भावनात्मक कठिनाइयों, सामाजिक चिंता और अति सक्रियता पर प्रकाश डाला। शिक्षकों और अभिभावकों को इन चुनौतियों की शीघ्र पहचान करने और सही मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद करने के लिए व्यावहारिक रणनीतियां साझा की। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है, और स्कूल में एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देने से बच्चों को शैक्षणिक रूप से और साथ ही भावनात्मक रूप से आगे बढ़ने में सक्षम बनाया जा सकता है। इस पहल की सभी प्रतिभागियों ने अत्यधिक सराहना की, जिन्होंने इसे आज के शैक्षिक संदर्भ में व्यावहारिक और प्रासंगिक पाया। कार्यशाला में शिक्षकों के लिए अनेक रोचक गतिविधियां करवाई गई जिसमें सबने बड़े उत्साह से भाग लिया।

## प्रशिक्षण के लिए डॉ सुधीर अत्री नोडल को नियुक्त किया गया

# सुसाइड से बढ़ती जंगः ए.आई. नहीं, सामाजिक जुड़ाव है असली सहाराः डॉ. खुशबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



आधुनिक समाज में जहां डिजिटल तकनीक और ए. आई. चैटबॉट्स ने जिन्दगी के कई पहलुओं को आसान बना दिया है, वहीं मानसिक स्वास्थ्य के संकट में इन वर्चुअल साथियों पर भरोसा अनगिनत जोखिम लेकर आ रहा है। वर्ष 2024 की घटना में, एक अमेरिकी युवती ने आत्महत्या कर ली, उसने महीनों तक चैटबॉट से अपने दुख, हताशा, और आत्मघाती विचार साझा किए, लेकिन चैटबॉट न तो समस्या को समझ पाया, न ही कोई सच्ची मदद दे सका। शोध परिणामों ने साफ दिखाया है कि चैटबॉट भावनात्मक सुरक्षा और यथार्थ परीक्षण नहीं करते, बल्कि अक्सर आत्महत्या या आत्महानी की प्रवृत्तियां बढ़ाते हैं। यह कहना है मनोचिकित्सा विभाग की जूनियर रेजिडेंट डॉ. खुशबू का।

डॉ. हितेश खुराना के अनुभव के अनुसार, ए. आई. चैटबॉट केवल बनाए हुए जवाब ही दे सकते हैं लेकिन उनकी "समझ" और "सहानुभूति" कृत्रिम है। वे न तो आपकी तकलीफों को सही मायने में सुन सकते हैं, न ही समय पर खतरनाक मानसिक लक्षणों की पहचान कर सकते हैं। डॉ. खुशबू ने बताया कि जब कोई व्यक्ति ऑनलाइन आत्महत्या या आत्महानी से जुड़ा सवाल पूछता है, तो चैटबॉट उसे समझने की बजाय सामान्य या अव्यवस्थित जानकारी दे सकता है, जोकि खतरनाक हो सकता है। लेकिन कुछ मायनो में यह मददगार भी सिद्ध हुआ है, जैसे कुछ ए. आई. टूल्स ऐसे है जो इस तरह की समस्याओं की पहचान करने और आवश्यक सहायता से जोड़ने में और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े स्टिग्मा (कलंक) को कम करने में मदद कर रहे है।

### सोशल मीडीया डालता है नकारात्मक प्रभाव

डॉ. हितेश खुराना ने बताया कि इसी के साथ यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म भी मानसिक स्वास्थ्य पर गहरे नकारात्मक असर डाल सकते हैं। लगातार दूसरे लोगो से तुलना करने का प्रचलन, 'लाइक्स' और 'फॉलोअर्स' पर आधारित आत्ममूल्यांकन, ऑनलाइन बुलीइंग और वर्चुअल रिश्तों पर समय व्यर्थ करना, व्यक्ति में अकेलापन, असंतोष और अवसाद को बढ़ाता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. सुजाता सेठी ने बताया कि कई अध्ययन यह भी दिखाते हैं कि अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताने से नींद की समस्याएं, ध्यान की कमी, आत्मसम्मान में गिरावट और आत्महत्या की प्रवृत्तियों में बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स झूठा जुड़ाव तो देते हैं, लेकिन असली भावनात्मक सहारा नहीं।

### डॉ. खुशबू ने बताया कि ऐसी परिस्थिति में क्या करें जब स्वयं को नुकसान पहुंचाने के ख्याल मन में आएं

1 . अपनी भावनाएं साझा करें- आत्महत्या की बात मन में आना कोई शर्म की बात नहीं बल्कि एक गंभीर समस्या का लक्षण है। अपने विश्वसनीय संबंधियों, मित्रों, शिक्षकों से परिवार के सदस्यों से मदद के लिए जरूर बातचीत करनी चाहिए।

2. तुरंत मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से मदद ले।

3. अपने मन को सुनियोजित करने के लिए रोजमर्रा के कार्यों में भाग लेने का प्रयत्न करें।

4. टोलफ्री नम्बर पर संपर्क करें - न. 14416 (टेली मानस), यह 24 घंटे सातों दिन सहायता प्रदान करने वाला भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक कार्यक्रम है।